इलाज, आस्था और सामाजिक का एक ही मकसद है कि समाज में रहीं व्यवस्था कायम रहे। जो लोग भी इस रहीं व्यवस्था में खलल डालने और कानून को हाथ में लेने की कोशिश करेंगे, प्रशासन उनके साथ कड़ाई से पेश आएगी। वैसे लोगों पर निगेह और कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

उक्त बातें एसडीएम विजय कुमार ने बुधवार को भोटर इंटरनेशनल के सभाकक्ष में कही। वे यहां रहीं व्यवस्था कायम करने को लेकर आयोजित बैठक में पहुंचे जनप्रतिनिधियों व प्रबुद्धजनों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि अगले और आगे आयोजन सभा बजार रहा है। आपकी प्रतिबद्धता व कटुता को समाप्त कर एक दूसरे के धार्मिक पर्वों व त्यौहार का सम्मान करने की आदत सभी को डालनी चाहिए। सार्वजनिक सभाओं में रहीं पूर्ण तरीके से किसी को आने जाने से बाधित नहीं किया जा सकता है। पूरे मामले पर हम पदाधिकारियों की पूरी नजर है। एसडीओ उदयशंकर कुमार ने कहा कि ढीले या किसी भी तरह के बाधा का प्रयोग करने पर पूर्णतः प्रतिबंध है। उसका प्रयोग किसी भी स्थिति में नहीं किया जा सकता। वहीं आयोजन समिति को हर हाल में सुबह 10 बजे से लेकर 4 बजे के अंदर प्रतिमाओं को विसर्जन समाप्त कर लेने की नसीहत दी। कहा कि साढ़े चौक से विसर्जन जुलूस आगे निकलने के बाद वह सभी में वहीं नहीं रुकेंगे। जुलूस मुख्य पथ से होते हुए सीधा हनुमान मंदिर चौक पर ही जाकर रुकेगी। जो लोग जुलूस को निकलने में बाधा करेंगे, प्रशासन उनको साबुती से निपटेगा। बैठक में मुखिया संघ के अध्यक्ष मुन्ना कुमार राही, पूर्व मुखिया विजय कुमार झा, भाजपा नेता पप्पू चौधरी, जुनैद इलाही, सेठ अलाउद्दीन, सुरेन्द्र प्रसाद, आकाश असलम, मोहन झा आदि उपस्थित रहे।

भोटहा चहल्लम परिसर का मुआयना के बाद बैठक करते अधिकारी।

का अधिकारियों को दिया निर्देश

पताहीपुरा | अनुमंडल मुख्यालय में मुहर्रम की एसडीओ मंगला कुमारी की अध्यक्षता में अनुमंडल क्षेत्र के सभी राजस्व कर्मचारी, राजस्व अधिकारी एवं क्षेत्रों के प्रभार समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राजस्व विभाग से संबंधित लंबित मामलों की स्थिति से समीक्षा करते हुए उनके शीघ्र निष्पादन का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-नक्शे तथा अधिकार कोष से जुड़े लंबित आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का सख्त निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को राजस्व संबंधी कार्यों में अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए तथा सभी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सरकार की विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए भूमि अर्जन एवं समपरिवर्तन से जुड़े मामलों की भी समीक्षा की गई। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो, इसके लिए भूमि अधिग्रहण एवं मापदंडीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए। इसके अलावा अनुमंडल क्षेत्र में सड़क दुर्घटना एवं अन्य प्राकृतिक अथवा अप्राकृतिक आपदाओं से होने वाली क्षति के मामलों में पीड़ितों को मिलने वाले अनुदान की प्रक्रिया को भी तेज करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने कहा कि आपदा प्रभावित लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

रमौली में योग गुरु से व्यायाम लेते लोग।

भागलपुर | रमौली

रमौली कोलोनी स्थित अर्ट भवन में आर्ट ऑफ लिविंग रमौली की ओर से योग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सुबह 65 वर्ष से अधिक उम्र के महिला और पुरुषों को योग के माध्यम से स्वस्थ रहने के उपाय बताए गए।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में वृद्ध लोगों ने भाग लिया। योग गुरु कृष्ण कुमार महतो और अनुप्रिया मेहता ने सरल-सरल से लोगों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि बढ़ती उम्र के साथ शरीर कमजोर होने लगता है। ऐसे में हर व्यक्ति को अपने खान-पान और दिनचर्या पर विशेष ध्यान देना चाहिए। नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ और मन शांत रहता है। शिविर में उपस्थित लोगों को सांस की बीमारी, फुटना दर्द, कमर दर्द, घंघा दर्द, प्रोस्टेट की समस्या सहित अन्य शारीरिक परेशानियों से बचाव और रक्षा के लिए योग के तरीके सिखाए गए।

योग प्रशिक्षकों ने लोगों को सही ढंग से योग करने की विधि भी बताई। शिविर में उपस्थित वयोवृद्ध महिला और पुरुषों ने योगाभ्यास कर इसका लाभ उठाया। इसके बाद होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ आरपी सिंह ने लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य जांच की। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिया और जरूरतमंदों के बीच मुफ्त दवा का वितरण भी किया। कार्यक्रम के दौरान सीताराम गोयल, हेमंत अग्रवाल और विमलेश सहित दर्जनों वयोवृद्ध महिला और पुरुष मौजूद रहे। शिविर को लेकर लोगों में उत्साह देखा गया।

अपराध की बड़ी साजिश नाकाम, दो देसी पिस्टल संग 5 बदमाश गिरफ्तार

तीन हरसिद्धि व दो पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र का है गिरफ्तार बदमाश

शक्तिनगरपोर्ट | मोतिहारी

अपराधी पुलिस ने अपराध की योजना को विफल करते हुए पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाशों में हरसिद्धि थाना क्षेत्र के इलाके गांव निवासी अल्लाह खान, अमजद अंसारी, इमरोज खान, पकड़ीदयाल थाना क्षेत्र के मंडिया गांव निवासी रंजीत कुमार कुशवाहा व रोहित कुमार है। बदमाशों के पास से दो देसी पिस्टल, 5 कारतूस, एक टेंपू व चार मोबाइल बरामद हुआ है। सदर एसडीपीओ 2 निशेष कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आपराधिक घटना को अंजाम देने के लिए बदमाश टेंपू से हरिनगर गांव महिसा रोड की तरफ से आ रहे हैं। इसके बाद डीआईयू एवं एसटीएफ की टीम ने घेराबंदी कर टेंपू समेत तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया और मौके से हथियार व कारतूस बरामद किए। टेंपू पर सवार अल्लाह, अमजद व इमरोज की निशानदेही पर पकड़ीदयाल मंडिया से रंजीत व रोहित को पकड़ा गया। बदमाशों ने पूछताछ में आपराधिक घटना को अंजाम देने की बात स्वीकारी है और पीछे से पहले खुलासे भी किए हैं। छापेमारी टीम में छौनी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार पासवान, अपर थानाध्यक्ष किशोर पोद्दार, एसआई राहुल देव वर्मा के अलावा मो निशांत, नीतीश कुमार, जगजीत ठाकुर, विपिन कुमार, राजा पासवान व मनोज भगत के जवान शामिल थे।

प्रेसवार्ता में थानाध्यक्ष रोहे सदर एसडीपीओ निशेष कुमार पांडेय व अन्य।

पेपर लीक से टूटे छात्रों के सपने, मानसिक तनाव

मनवरमूह | रमौली

नीट परीक्षा रद्द होने से छात्रों को भविष्य को लेकर चिंता है। शहर के वार्ड एक निवासी पीड़िता गांव निवासी रौनक कुमार पिता अमृत कुमार शर्मा भी नीट परीक्षा में शामिल हुए थे। पेपर लीक की घटना से वह बहुत सदमे में है। रौनक कुमार ने बताया कि उन्होंने पटना में आवासा संस्थान और कोटा में तकरीबन दो वर्षों तक कठिन तैयारी की। इस दौरान कॉचिंग फीस, कोटा किराया और अन्य खर्च मिलाकर करीब छह लाख रुपए खर्च हुए। वह उनका पहला प्रयास था। परीक्षा को लेकर परिवार और साथ दोनों को बड़ी उम्मीद थी। लेकिन पेपर लीक की खबर के बाद सारी मेहनत पर पानी फिर गया। रौनक कुमार ने कहा कि अब दोबारा तैयारी का दबाव बढ़ गया है। रौनक के पिता अमृत कुमार ने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवार बच्चों की पढ़ाई के लिए बड़ी मुश्किल से पैसा जुटाते हैं।

खिड़की तोड़ 86 ग्राम सोना, 700 ग्राम चांदी के जेवर व 25 हजार नकदी चोरी

दिल्ली गए थे घर के सदस्य, मुंबई से लौटे छोटे भाई ने देखा टूटा हुआ नजारा

मनवरमूह | रमौली

अमरनी पंचायत के वार्ड संख्या 6 में अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए खिड़की तोड़कर लगभग स्वर्ण मूल्य के आभूषण व 25 हजार रुपए नकद की चोरी कर ली। मामले को लेकर पीड़ित परिवार में दहशत का माहौल है। पीड़ित के छोटे भाई सुमेश सिंह ने मनवरीय थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। सुमेश सिंह ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि 7 मई को उनके पिता रामलखन सिंह एवं बड़े भाई कमलेश सिंह अपनी पत्नी के साथ दिल्ली में एक कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। इसी बीच वह अपने परिवार के साथ मुंबई भी थे। 12 मई को जब वह घर लौटे तो बड़े भाई के घर की साफ-सफाई के लिए ताला खोलने का प्रयास किया गया, लेकिन दरवाजा नहीं खुला। पीछे जाकर देखने पर घर की खिड़की टूटी हुई मिली। अंदर जाने पर देखा गया कि गोदरेज खुला पड़ा था और कमरा अंदर से बंद था। इसके बाद प्रजनों को सूचना दी गई। आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और फिर पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। पीड़ित पर कमलेश सिंह ने बताया कि घर से 186 ग्राम सोना का आभूषण, 700 ग्राम चांदी के आभूषण व 25 हजार रुपए नकद गायब हैं। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

चोरी के बाद टूटा गोदरेज।

इंपोर्ट ड्यूटी में बढ़ोतरी से सर्राफा बाजार में सन्नाटा

मनवरमूह | रमौली

केंद्र सरकार द्वारा सोने-चांदी पर इंपोर्ट ड्यूटी बढ़ाने और प्रधानमंत्री की ओर से फिलहाल सोना नहीं खरीदने की अपील का असर अब रमौली के सर्राफा बाजार में साफ दिखने लगा है। शहर के प्रमुख सर्राफा बाजार पोटल एम समेत कई इलाकों में मुश्किल को दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। गुरुवार पर ग्राहक नहीं पहुंचे। कारीगरियों के चेहरे पर चिंता साफ नजर आई। रमौली सर्राफा संघ के अध्यक्ष कन्हैया सर्राफा ने बताया कि 13 मई से सोने-चांदी पर आयात शुल्क बढ़ाने की घोषणा के बाद बाजार की स्थिति अचानक बदल गई है। पहले जहां सुबह से देर शाम तक ग्राहकों की भीड़ रहती थी, वहीं अब दुकानें खाली पड़ी हैं। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती कीमतों ने पहले ही आम लोगों की खरीदारी क्षमता कम कर दी थी। अब नई ड्यूटी और सामग्री अपील के बाद लोग खरीदारी से दूरी बना रहे हैं।

उद्घाटन मैच में गुआबारी ने चकनगरी को हराया

मनवरमूह | सिमरहन

प्रभा हॉकीकुल के खेल मैदान में आठ दिवसीय नहर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन मंगलवार की रात से शुरू किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन एसडीएम विजय कुमार व नगर पालिका अध्यक्षा मो. इमरोज अख्तर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला ग्रुपर्ड के गुआबारी और चकनगरी की टीम के बीच किया गया। मैच में गुआबारी की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए चकनगरी की टीम को 6 विकेट से हराकर मैच जीत लिया। पहले मैच में जाड़ा पकड़ी करने वाली पहली टीम बन गई। हरकत मैदान प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार आसवा कैसी बैग की ओर से रामदेव अख्तर व मैन मोबाइल बीकन का पुरस्कार सतीश कुमार के हाथों दिया गया। मौके पर हारून खां, राहीस अनवर चंगरानी, शमिल रेजा राजू, सरफराज खान पी ये।

निजी स्कूलों की मनमानी वसूली पर कार्रवाई के निर्देश का किया स्वागत

एनसीईआरटी पुस्तकें अनिवार्य करने और फीस निर्धारण की उठाई मांग

मिर्जापोर्ट | मोतिहारी

निजी विद्यालयों की मनमानी वसूली पर संज्ञान लेते हुए अंबुजा लगाने संबंधी निर्देश जारी किए जाने पर अखिल भारतीय परिवर्तनकारी अभिभावक संघ ने इसे अपनी जीत बताते हुए मुख्यमंत्री मधुर चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। अभिभावक संघ के अध्यक्ष रंजीत गिरि ने कहा कि शिक्षा सेवा है, लेकिन कुछ निजी विद्यालयों ने मनमानी वसूली कर इसे व्यवसाय बना दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि स्कूलों द्वारा लगातार फीस बढ़ाई जा रही है। वहीं अभिभावक कल्याण के लिए देश के विशेषज्ञों द्वारा तैयार एनसीईआरटी पुस्तकों को नहीं पढ़ाकर निजी प्रकाशकों की किताबें चलायी जा रही हैं। इसके अलावा स्कूलों में अधिक कॉपियां लेकर किताब, स्टेशनरी, यूनिफॉर्म व स्कूल ड्रेस भी बेचे जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में अभिभावक संघ ने जिलाधिकारी और आयुक्त से शिकायत की थी। जांच में पाया गया कि कई निजी विद्यालय निजी की का उल्लंघन कर अधिक वसूली कर रहे हैं। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मामले का संज्ञान लेते हुए कानून का पालन कराने का सख्त निर्देश दिया है। संघ के अनुसार मुख्यमंत्री ने कहा है कि यदि कोई अभिभावक अपने बच्चों की फीस जमा नहीं कर पा रहे हैं, तब भी बच्चों को पढ़ाई से नहीं रोका जा सकता और न ही परीक्षा से वंचित किया जाएगा। साथ ही कक्षा एक से 12वीं तक एनसीईआरटी पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करने वालों में राम सुंदर देव शर्मा, ममता रानी वर्मा, भागवतशरण चौधरी, राधेश्याम पांडेय, लव किशोर सिंह, अरुण मिश्रा, संतोष मोहन देव, बिंदेश्वरी राम, जनेश सिंह कुशवाहा, कमलेश्वर पासिया, संजीव शाह, चंचल कुमार, मनोज कुमार, जहिर खान, इरफान खान, रहमान जी, हरिवंशत कुशवाहा, राजेश्वर जायसवाल, नवनीत गिरि, विजय पांडेय, जयप्रकाश शाह, दर्शन सहनी, अशोक पासवान, राम इकबाल पासवान, विजय शर्मा, कृष्ण मोहन चौधरी, रौनक तिवारी, विनोद सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

ग्रामीण एसपी की पोस्टिंग से अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था बनाए रखने में मिलेगी मदद

शक्तिनगरपोर्ट | मोतिहारी

सूबे की सरकार ने कानून व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पांच जिलों में एसपी ग्रामीण का पद सृजित करने की मंजूरी मिली है। इसमें पूर्वी चंपारण भी शामिल है। अब पूर्वी चंपारण में ग्रामीण क्षेत्रों की गिरफ्तारी के लिए अलग से एसपी ग्रामीण तैनात किए जाएंगे। इस प्रकार यहां पर एसपी के कैडर के दो अधिकारी बैठेंगे। मोतिहारी एसपी का पद अनंदेव शेखर पसरसरवे में बदल जाएगा। एसपी मनोज प्रसाद ने बताया कि जिले में एसपी ग्रामीण का पद सृजित करने की मंजूरी मिलने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था बनाए रखने में काफी मदद मिलेगी। अब शहरी और ग्रामीण पुलिस प्रशासन अलग-अलग तरीके से काम कर सकेगा, जिससे पुलिस व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी। वहीं ग्रामीण थानों की मॉनिटरिंग बेहतर होगी और घटनाओं पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी।

खौलता पाग फेंकने के आरोपित दोनों सगे भाइयों को पुलिस ने जेल भेज दिया

मनवरमूह | अरवरपुर

मनवरीय थाना क्षेत्र के रघमपुर चौक पर सोमवार को मिट्टी पात्रों के विक्रय में खौलता हुआ चीनी का पाग फेंकने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उक्त घटना के मुख्य आरोपी दोनों सगे भाइयों को गिरफ्तारी हुई है। मनवरमूह पूजा कुमारी ने इसकी पुष्टि की है। जेल भेजे गए आरोपियों की पहचान मुन्ना भगत और सुनील भगत के रूप में हुई है, जो आरवल में रहते बताई है। बता दें कि सोमवार को रघमपुर चौक निवासी चहत राहत और मनीष भगत के बीच मामली तकरार पर मिट्टी पात्रों को लेकर विवाद उत्पन्न हुई थी। इसी दौरान आरोपियों ने मिट्टी बनाने के लिए रखा गर्म पाग दूसरे पक्ष पर फेंक दिया था, जिससे चपेट में आने से ताबेलकर कुमार गुप्ता बुरी तरह झुलस गया था। गर्म पाग से गंभीर रूप से झुलसे ताबेलकर कुमार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अरवरपुर से बेहतर इलाज के लिए मोतिहारी रेफर किया गया है। मनवरमूह पूजा कुमारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी मुन्ना भगत और सुनील भगत को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया
Central Bank of India

क्षेत्रीय कार्यालय, बालुआटाल, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण-845401

परिशिष्ट-IV-A (नियम 8(6) का परंतुक देखें)
अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।

[illegible]

क्र. सं.	शाखा	उधारकर्ता का नाम	मांग सूचना राशि/तारीख	अचल संपत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य / ईएमडी / बोली वृद्धि राशि
[illegible]	[illegible]	[illegible]	रु. 16,21,780.00 [illegible]	[illegible]	रु. 16,17,000.00 / रु. 3,82,000.00

कार्यक्रम • छात्र-छात्राओं को मेडल, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर किया सम्मानित

विद्यालय में उत्कृष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन, मेधावियों का हुआ सम्मान

मनवरमूह | रमौली

प्रतिभाओं और आत्मविश्वास को